This booklet contains **48** Printed pages.
इस पुस्तिका में **48** मुद्रित पृष्ठ हैं।

# JSS-24-I

## PAPER-I / प्रश्न-पत्र-I

## MAIN TEST BOOKLET/मुख्य परीक्षा पुस्तिका

**Main Test Booklet No. / मुख्य परीक्षा पुस्तिका संख्या**

**Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**
**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए।**
**Read carefully the Instructions on the Back Cover of this Test Booklet.**
**इस परीक्षा पुस्तिका के पिछले आवरण पर दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।**

**Main Test Booklet Code / मुख्य परीक्षा पुस्तिका कोड**

# D

## INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. The OMR Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars on **Side-1** and **Side-2** carefully with **blue/black** ball point pen only.
2. The test is of **2½ hours** duration and consists of **150** questions. There is no negative marking.
3. Use **Blue/Black Ball Point Pen only** for writing particulars on this page/ marking responses in the Answer Sheet.
4. The CODE for this Booklet is **D**. Make sure that the CODE printed on **Side-2** of the Answer Sheet is the same as that on this Booklet. Also ensure that your Test Booklet No. and Answer Sheet No. are the same. In case of discrepancy, the candidate should immediately report the matter to the Invigilator for replacement of both the Test Booklet and the Answer Sheet.
5. This Test Booklet has **five** Parts, I, II, III, IV and V, consisting of **150** Objective Type Questions and each carries 1 mark :

| | | | |
|---|---|---|---|
| Part-I | : | Child Development and Pedagogy | (Q.Nos. 1-30) |
| Part-II | : | Mathematics | (Q.Nos. 31-60) |
| Part-III | : | Environmental Studies | (Q.Nos. 61-90) |
| Part-IV | : | Language-I (English/Hindi) | (Q.Nos. 91-120) |
| Part-V | : | Language-II (English/Hindi) | (Q.Nos. 121-150) |

6. Part-IV contains 30 questions for Language-I and Part-V contains 30 questions for Language-II. In this Test Booklet, only questions pertaining to English and Hindi language have been given. **In case the language/s you have opted for as Language-I and/or Language-II is a language other than English or Hindi, please ask for a Supplement (Language) Test Booklet of D Code that contains questions on that language. The languages being answered must tally with the languages opted for in your Application Form. No change in languages is allowed.**
7. **Candidates are required to attempt questions in Language-II (Part-V) in a language other than the one chosen as Language-I (Part-IV) from the list of languages.**
8. Rough work should be done only in the space provided in the Test Booklet for the same.
9. The answers are to be recorded on the OMR Answer Sheet only. Mark your responses carefully. No whitener is allowed for changing answers.
10. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions of questions/ answers, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. OMR उत्तर पत्र इस परीक्षा पुस्तिका के अन्दर रखा है। जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर पत्र निकाल कर **पृष्ठ-1** एवं **पृष्ठ-2** पर ध्यान से केवल **नीले/काले** बॉल पॉइंट पेन से विवरण भरें।
2. परीक्षा की अवधि **2½ घंटे** हैं एवं परीक्षा में **150** प्रश्न हैं। कोई ऋणात्मक अंकन नहीं है।
3. इस पृष्ठ पर विवरण अंकित करने एवं उत्तर पत्र पर निशान लगाने के लिए **केवल नीले/काले बॉल पॉइंट पेन** का प्रयोग करें।
4. इस पुस्तिका का **कोड D** है। यह सुनिश्चित कर लें कि इस पुस्तिका का कोड, उत्तर पत्र के **पृष्ठ-2** पर छपे कोड से मिलता है। यह भी सुनिश्चित कर लें कि परीक्षा पुस्तिका संख्या और उत्तर पत्र संख्या मिलते हैं। अगर यह भिन्न हों तो परीक्षार्थी दूसरी परीक्षा पुस्तिका और उत्तर पत्र लेने के लिए निरीक्षक को तुरन्त अवगत कराएँ।
5. इस परीक्षा पुस्तिका में **पाँच** भाग I, II, III, IV और V हैं, जिनमें **150** वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, तथा प्रत्येक 1 अंक का है :

| | | | |
|---|---|---|---|
| भाग-I | : | बाल विकास व शिक्षाशास्त्र | (प्रश्न सं. 1-30) |
| भाग-II | : | गणित | (प्रश्न सं. 31-60) |
| भाग-III | : | पर्यावरण अध्ययन | (प्रश्न सं. 61-90) |
| भाग-IV | : | भाषा-I (अंग्रेज़ी/हिन्दी) | (प्रश्न सं. 91-120) |
| भाग-V | : | भाषा-II (अंग्रेज़ी/हिन्दी) | (प्रश्न सं. 121-150) |

6. भाग-IV में भाषा-I के लिए 30 प्रश्न और भाग-V में भाषा-II के लिए 30 प्रश्न दिए गए हैं। इस परीक्षा पुस्तिका में केवल अंग्रेज़ी व हिन्दी भाषा से संबंधित प्रश्न दिए गए हैं। **यदि भाषा-I और/या भाषा-II में आपके द्वारा चुनी गई भाषा(एँ) अंग्रेज़ी या हिन्दी के अलावा है/हैं तो कृपया D कोड वाली उस भाषा वाली परिशिष्ट (भाषा) परीक्षा पुस्तिका माँग लीजिए। जिन भाषाओं के प्रश्नों के उत्तर आप दे रहे हैं वह आवेदन पत्र में चुनी गई भाषाओं से अवश्य मेल खानी चाहिए। भाषाओं का परिवर्तन अनुमन्य नहीं है।**
7. **परीक्षार्थी भाषा-II (भाग-V) के लिए, भाषा सूची से ऐसी भाषा चुनें जो उनके द्वारा भाषा-I (भाग-IV) में चुनी गई भाषा से भिन्न हो।**
8. रफ कार्य परीक्षा पुस्तिका में इस प्रयोजन के लिए दी गई खाली जगह पर ही करें।
9. सभी उत्तर केवल OMR उत्तर पत्र पर ही अंकित करें। अपने उत्तर ध्यानपूर्वक अंकित करें। उत्तर बदलने हेतु श्वेत रंजक का प्रयोग निषिद्ध है।
10. यदि अंग्रेज़ी और हिन्दी संस्करण के प्रश्नों/उत्तरों में कोई विसंगति हो तो अंग्रेज़ी संस्करण अंतिम माना जायेगा।

Name of the Candidate (in Capital Letters) : ____________________
परीक्षार्थी का नाम (बड़े अक्षरों में) :

Roll Number (अनुक्रमांक) : in figures (अंकों में) ____________________
: in words (शब्दों में) ____________________

Centre of Examination (in Capital Letters) : ____________________
परीक्षा केन्द्र (बड़े अक्षरों में) :

Candidate's Signature : ____________________ Invigilator's Signature : ____________________
परीक्षार्थी के हस्ताक्षर : निरीक्षक के हस्ताक्षर :

Facsimile signature stamp of Centre Superintendent : ____________________

## PART - I / भाग - I
## CHILD DEVELOPMENT AND PEDAGOGY / बाल विकास व शिक्षाशास्त्र

***Direction :** Answer the following questions (Q. Nos **1** to **30**) by selecting the **correct/most appropriate** options.*

***निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्नों (प्र. संख्या **1** से **30**) के उत्तर देने के लिए **सही/सबसे उपयुक्त** विकल्प चुनिए।*

**1.** Learners feel engaged and actively involved in process of learning when :
(1) their prior knowledge is discarded and negated.
(2) activities are related to their context.
(3) focus of learning is repetition and memorization.
(4) socio-emotional needs of learners are ignored.

शिक्षार्थी अधिगम प्रक्रिया में व्यस्त और सक्रिय रूप से शामिल महसूस करते हैं जब :
(1) उनके पूर्व ज्ञान को पृथक किया जाता है और नकारा जाता है।
(2) गतिविधियाँ उनके संदर्भ से संबंधित होती हैं।
(3) अधिगम का बल दोहराव और रटने पर होता है।
(4) शिक्षार्थियों की सामाजिक-भावनात्मक आवश्यकताओं की उपेक्षा की जाती है।

**2.** **Assertion (A) :** Teachers should provide emotional support to children in the classrooms to ensure effective learning.
**Reason (R) :** Emotions and cognition are related to each other in complex ways.
Choose the **correct** option.
(1) Both **(A)** and **(R)** are false.
(2) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.
(3) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.
(4) **(A)** is true but **(R)** is false.

**अभिकथन (A) :** शिक्षकों को कक्षा में प्रभावी संज्ञान सुनिश्चित करने के लिए बच्चों को संवेगात्मक सहारा देना चाहिए।
**कारण (R) :** संवेग व संज्ञान एक दूसरे से जटिल रूप से संबंधित हैं।
**सही** विकल्प चुनें।
(1) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।
(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(A)** की **(R)** सही व्याख्या करता है।
(3) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(A)** की **(R)** सही व्याख्या नहीं करता है।
(4) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत है।

**3.** Children with 'learning difficulties' typically :
(1) Have very low IQ as diagnosed through standard intelligence tests.
(2) Have difficulties in reading due to their poor sight.
(3) Have problems in regulating their emotions.
(4) Have confusion with letter and alphabets that look alike.

आमतौर पर 'सीखने की अक्षमता/कठिनाइयों' वाले बच्चों में :
(1) मानक बुद्धि परीक्षणों के माध्यम से निदानित बहुत कम बुद्धि लब्धि होती है।
(2) नजर कमजोर होने के कारण पढ़ने में परेशानी होती है।
(3) अपनी भावनाओं को नियंत्रित करने में समस्या होती है।
(4) एक जैसे दिखने वाले अक्षर और वर्ण को लेकर भ्रम होता है।

4. Which of the following statement best describes the role of the teacher in progressive education ?
(1) The teacher leaves the children on their own to work independently.
(2) The teacher is the primary source of knowledge.
(3) The teacher serves as a facilitator.
(4) The teacher implements the prescribed curriculum 'as it is'.

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन प्रगतिशील शिक्षा में शिक्षक की भूमिका का सबसे अच्छा वर्णन करता है ?
(1) शिक्षक बच्चों को स्वतंत्र रूप से कार्य करने के लिए उनके हाल पर छोड़ देते हैं।
(2) शिक्षक ज्ञान का प्राथमिक स्रोत होते हैं।
(3) शिक्षक एक सुविधाप्रदाता के रूप में कार्य करते हैं।
(4) शिक्षक निर्धारित पाठ्यक्रम को 'ज्यों का त्यों' लागू करते हैं।

5. Which of the following is correct in context of gifted children ?
(1) Gifted students learn at comparatively advanced pace than other students.
(2) Gifted children are free from risk of learning disability.
(3) Gifted children certainly excel in all areas academic, social and emotional.
(4) Gifted students are always happy, popular and well adjusted.

प्रतिभाशाली बच्चों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?
(1) प्रतिभाशाली छात्र अन्य छात्रों की तुलना में अपेक्षाकृत उन्नत गति से सीखते हैं।
(2) प्रतिभाशाली बच्चे सीखने की अक्षमता के जोखिम से मुक्त होते हैं।
(3) प्रतिभाशाली बच्चे निश्चित रूप से शैक्षणिक, सामाजिक और भावनात्मक सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करते हैं।
(4) प्रतिभाशाली छात्र हमेशा खुश, लोकप्रिय और अच्छी तरह से समायोजित होते हैं।

6. As per Jean Piaget, pre-operational stage is characterized by abilities to perform :
(1) Symbolic play and animism
(2) Classification and seriation
(3) Conservation and abstract thinking
(4) Imitation and reversibility

जीन पियाजे के अनुसार, निम्नलिखित में कौन-सी क्षमताएँ पूर्व-संक्रियात्मक अवस्था की विशेषता हैं ?
(1) प्रतीकात्मक खेल और जीववाद
(2) वर्गीकरण और क्रमबद्धता
(3) संरक्षण और अमूर्त चिंतन
(4) नकल और प्रतिवर्तीता

7. What is the primary purpose of asking critical thinking questions ?
(1) To encourage students to memorize information.
(2) To enable students to develop procedural knowledge.
(3) To assess students' knowledge and understanding skills.
(4) To promote higher-level thinking and problem-solving skills.

आलोचनात्मक सोच वाले प्रश्न पूछने का प्राथमिक उद्देश्य क्या है ?
(1) छात्रों को जानकारी याद रखने के लिए प्रोत्साहित करना।
(2) छात्रों को प्रक्रियात्मक ज्ञान विकसित करने में सक्षम बनाना।
(3) छात्रों के ज्ञान और समझ कौशल का आकलन करने के लिए।
(4) उच्च स्तरीय सोच और समस्या समाधान कौशल को बढ़ावा देना।

8. Heredity totally determine an individual's :

(i) Sex (ii) Gender

(iii) Academic Success (iv) Learning Style

(1) (ii), (iii), (iv) (2) (i) (3) (ii) (4) (i), (iii), (iv)

आनुवंशिकता पूरी तरह से एक व्यक्ति के/की __________ का निर्धारण करती है।

(i) सेक्स (ii) जेंडर

(iii) शैक्षणिक सफलता (iv) सीखने की शैली

(1) (ii), (iii), (iv) (2) (i) (3) (ii) (4) (i), (iii), (iv)

9. Growth in height and weight of children is an example of :

(1) Change in cognitive domain (2) Quantitative change

(3) Qualitative change (4) Change in affective domain

बच्चों की लम्बाई और वजन में वृद्धि किसका उदाहरण है ?

(1) संज्ञानात्मक परिवर्तन (2) मात्रात्मक परिवर्तन

(3) गुणात्मक परिवर्तन (4) भावात्मक परिवर्तन

10. According to Lev Vygotsky, children regulate their own behaviour through the :

(1) Use of self-reinforcement (2) Processes of adaptation

(3) Use of inner speech (4) Process of equilibration

लेव वायगोत्स्की के अनुसार, बच्चे अपने स्वयं के व्यवहार को किस प्रकार नियमित करते हैं ?

(1) खुद को पुनर्बलन के उपयोग द्वारा (2) अनुकूलन की प्रक्रियाएँ द्वारा

(3) आत्म वाक् के प्रयोग द्वारा (4) संतुलीकरण की प्रक्रिया द्वारा

11. Which of the following statement about development is correct ?

(1) Different aspects of development are independent to each other.

(2) Development is a discontinuous process.

(3) Development occurs in a spiral manner, not linear.

(4) Development proceeds from specific to general.

विकास के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(1) विकास के विभिन्न पहलू एक-दूसरे से स्वतंत्र होते हैं।

(2) विकास एक असतत प्रक्रिया है।

(3) विकास चक्रिय तरीके से होता है, रैखिक नहीं।

(4) विकास विशिष्ट से सामान्य की ओर बढ़ता है।

12. Which pedagogical approach would be adopted by teachers who firmly believe in constructivism to teach concepts of floating and sinking to class V children ?

(1) Guided discovery (2) Lecture method

(3) Showing videos (4) Showing power point presentation

कक्षा पाँचवीं के बच्चों को तैरने और डूबने की अवधारणाओं को पढ़ाने के लिए संरचनावाद में दृढ़ विश्वास रखने वाले शिक्षकों द्वारा कौन-सा शैक्षणिक दृष्टिकोण अपनाया जाएगा ?

(1) निर्देशित खोज (2) व्याख्यान विधि

(3) वीडियो दिखाना (4) पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण दिखाना

13. Preconceived generalizations about behaviour of various gender are called :

(1) Gender typing (2) Gender stereotypes

(3) Gender discriminations (4) Gender identity

विभिन्न जेंडर के व्यवहार के बारे में पूर्वकल्पित सामान्यीकरण क्या कहलाते हैं?

(1) जेंडर प्रारूप (2) जेंडर रूढ़िवादिता

(3) जेंडर भेदभाव (4) जेंडर पहचान

14. In an inclusive classroom :

(1) All children follow same curriculum and uniform pedagogy is adopted for all learners.
(2) 'Special children' always work on their own curriculum.
(3) All children have access to and are included in classroom activities.
(4) 'Special' children are looked upon as needy and dependent.

एक समावेशी कक्षा में :

(1) सभी बच्चे समान पाठ्यचर्या का पालन करते हैं और सभी शिक्षार्थियों के लिए समान शिक्षाशास्त्र अपनाया जाता है।
(2) 'विशेष बच्चे' हमेशा अपने पाठ्यचर्या पर काम करते हैं।
(3) सभी बच्चों की कक्षा की गतिविधियों तक पहुँच है और वे कक्षा की क्रिया में शामिल हैं।
(4) 'विशेष' बच्चों को जरूरतमंद और आश्रित के रूप में देखा जाता है।

15. According to Lev Vygotsky's theory, which of the following is a recommended approach in order to optimize students' learning experience ?

(1) providing students with work that they can manage and complete individually.
(2) providing students with work that is completely unrelated to their current level of understanding.
(3) providing students with work that is just beyond their current level of understanding, with appropriate support and guidance.
(4) providing no support to students and leaving them to struggle on their own.

लेव वायगोत्स्की के सिद्धांत के अनुसार, छात्रों के सीखने के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा एक अनुशंसित दृष्टिकोण है?

(1) छात्रों को ऐसा काम प्रदान करना जिसे वे व्यक्तिगत रूप से प्रबंधित और पूरा कर सकें।
(2) छात्रों को ऐसा काम प्रदान करना जो उनकी समझ के वर्तमान स्तर से पूरी तरह से असंबंधित हो।
(3) छात्रों के वर्तमान स्तर पर आधारित उनको उचित समर्थन और मार्गदर्शन के साथ काम प्रदान करना।
(4) छात्रों को कोई सहायता नहीं देना और उन्हें अपने दम पर संघर्ष करने के लिए छोड़ देना।

16. When presented with Heinz's dilemma, Arunima reasons : "The law wasn't set up for these circumstances. Taking the drug in this situation isn't really right, but it's justified."
Which stage of moral development is Arunima according to the theory of Lawrence Kohlberg ?

(1) Instrumental purpose and exchange
(2) Social concern and conscience
(3) Morality of contrast, of individual rights and of democratically
(4) Orientation towards punishment and obedience accepted law

हेंज की दुविधा को पेश किए जाने पर, अरुणिमा तर्क देती हैं : ''कानून इन परिस्थितियों के लिए स्थापित नहीं किया गया था। इस स्थिति में दवा लेना वास्तव में सही नहीं है, लेकिन यह उचित है।''
लॉरेंस कोहलबर्ग के सिद्धांत के अनुसार अरुणिमा नैतिक विकास की कौन-सी अवस्था है?

(1) यांत्रिक उद्देश्य व विनिमय
(2) सामाजिक सरोकार और विवेक
(3) नैतिकता का विरोधाभास, व्यक्तिगत अधिकार व लोकतांत्रिकता
(4) दंड की ओर उन्मुखीकरण और आज्ञाकारिता स्वीकृत कानून

17. While talking about her poor marks in mathematics Avi says "I just don't have the sense for numbers" Avi is attributing his performance to :

(1) Lack of ability (2) Luck (3) Task difficulty (4) Lack of effort

गणित में अपने खराब अंकों के बारे में बात करते हुए अवि कहता है, ''मुझे अंकों की समझ नहीं है''। अवि अपने प्रदर्शन का कारण किसको ठहरा रहा है ?

(1) योग्यता का अभाव (2) किस्मत (3) कार्य कठिनाई (4) कोशिश की कमी

18. **Assertion (A) :** While some children start babbling and uttering two word sentences at 12 months, others don't do this till they are 20 months old.

**Reason (R) :** Development milestones are only suggestive and development of individual children can be quite varied.

Choose the **correct** option.

(1) Both **(A)** and **(R)** are false.

(2) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(3) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

(4) **(A)** is true but **(R)** is false.

**अभिकथन (A) :** जबकि कुछ बच्चे 12 महीने की उम्र में बड़बड़ाना और दो शब्दों का वाक्य बोलना शुरू कर देते हैं, अन्य 20 महीने की उम्र तक ऐसा नहीं करते हैं।

**कारण (R) :** विकासात्मक प्रतिमान केवल सांकेतिक हैं और व्यक्तिगत बच्चों का विकास काफी भिन्न हो सकता है।

**सही** विकल्प चुनें।

(1) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(A)** की **(R)** सही व्याख्या करता है।

(3) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(A)** की **(R)** सही व्याख्या नहीं करता है।

(4) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत है।

19. Which of the following is **not** a characteristic of a well-formulated critical thinking question ?

(1) It promotes higher-level thinking and problem-solving skills.

(2) It is open-ended and allows for multiple answers.

(3) It is based primarily on factual information.

(4) It requires analysis and evaluation of information.

निम्नलिखित में से कौन-सा एक अच्छी तरह से तैयार किए गए आलोचनात्मक सोच वाले प्रश्न की विशेषता **नहीं** है ?

(1) यह उच्च स्तरीय सोच और समस्या समाधान कौशल को बढ़ावा देता है।

(2) यह खुला प्रश्न है और कई उत्तरों को प्रस्तुत करने की अनुमति देता है।

(3) यह मुख्य रूप से तथ्यात्मक जानकारी पर आधारित है।

(4) इसमें सूचना के विश्लेषण और मूल्यांकन की आवश्यकता होती है।

20. **Assertion (A) :** Teachers should constantly examine their own attitudes and biases while working with children.

**Reason (R) :** The process of problem-solving is hindered by functional fixedness.

Choose the **correct** option.

(1) Both **(A)** and **(R)** are false.
(2) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.
(3) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.
(4) **(A)** is true but **(R)** is false.

**अभिकथन (A) :** शिक्षकों को बच्चों के साथ काम करते समय लगातार अपने स्वयं के दृष्टिकोण और पूर्वाग्रहों की जांच करनी चाहिए।

**कारण (R) :** समस्या-समाधान की प्रक्रिया कार्यात्मक स्थिरता से बाधित है।

**सही** विकल्प चुनें।

(1) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।
(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(A)** की **(R)** सही व्याख्या करता है।
(3) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(A)** की **(R)** सही व्याख्या नहीं करता है।
(4) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत है।

21. **Assertion (A) :** Classroom pedagogy should be culturally responsive to meet the needs of students from diverse cultural backgrounds.

**Reason (R) :** Equity in classroom can be ensured only through standardized curriculum and assessment.

Choose the **correct** option.

(1) Both **(A)** and **(R)** are false.
(2) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.
(3) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.
(4) **(A)** is true but **(R)** is false.

**अभिकथन (A) :** विविध सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से छात्रों की जरूरतों को पूरा करने के लिए कक्षा शिक्षण को सांस्कृतिक रूप से उत्तरदायी होना चाहिए।

**कारण (R) :** कक्षा में समता केवल मानकीकृत पाठ्यचर्या व आकलन के द्वारा सुनिश्चित की जा सकती है।

**सही** विकल्प चुनें।

(1) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।
(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(A)** की **(R)** सही व्याख्या करता है।
(3) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(A)** की **(R)** सही व्याख्या नहीं करता है।
(4) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत है।

22. Howard Gardner's concept of Intelligence implicates that :

(1) intelligence is only about 'practical' learning.
(2) everyone processes and understands the world in the same way.
(3) human beings differ in their abilities in different domains.
(4) intelligence has only one dimension.

हॉवर्ड गार्डनर की दी गई बुद्धि की अवधारणा का निहितार्थ है कि :

(1) बुद्धि केवल प्रयोगात्मक अधिगम से संबंधित है।
(2) सभी लोग दुनिया को समान रूप से समझते और संसाधित करते हैं।
(3) अलग-अलग आयामों में लोगों की अलग-अलग योग्यताएँ होती हैं।
(4) बुद्धि का केवल एक ही आयाम होता है।

23. Which of the following is **not** an effective memory technique for meaningful learning ?
(1) Elaborative Rehearsal (2) Rote Rehearsal
(3) Mnemonics (4) Concept Mapping

निम्नलिखित में से कौन सी सार्थक सीखने के लिए एक प्रभावी स्मृति तकनीक **नहीं** है?
(1) विस्तृत दोहराव (2) रटने व दोहराव
(3) स्मृति सहायक विधियाँ (4) संकल्पना चित्रण

24. Which of the following sequence of representation of concept is in accordance with children's gradual development of cognitive abilities ?
(1) symbol-based, image-based, action-based
(2) action-based, image-based, symbol-based
(3) image-based, symbol-based, action-based
(4) symbol-based, action-based, image-based

निम्नलिखित में से अवधारणा के निरूपण का कौन-सा क्रम बच्चों की संज्ञानात्मक क्षमताओं के उत्तरोत्तर विकास के अनुसार है?
(1) संकेत-आधारित, छवि-आधारित, क्रिया-आधारित
(2) क्रिया-आधारित, छवि-आधारित, संकेत-आधारित
(3) छवि-आधारित, संकेत-आधारित, क्रिया-आधारित
(4) संकेत-आधारित, क्रिया-आधारित, छवि-आधारित

25. **Assertion (A) :** Teachers should focus on asking questions in classroom and encouraging children also to ask questions rather than giving instructions.
**Reason (R) :** Child-centred pedagogy means giving opportunities to children's voices and ensuring their participation.
Choose the **correct** option.
(1) Both **(A)** and **(R)** are false.
(2) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.
(3) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.
(4) **(A)** is true but **(R)** is false.

**अभिकथन (A) :** शिक्षकों को कक्षा में प्रश्न पूछने पर ध्यान देना चाहिए और निर्देश देने के बजाय उन्हें प्रश्न पूछने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।
**कारण (R) :** बाल-केंद्रित शिक्षाशास्त्र का अर्थ है कक्षा में बच्चों की आवाज को महत्व देना और उनकी प्रतिभागीयता को सुनिश्चित करना।
**सही** विकल्प चुनें।
(1) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।
(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(A)** की **(R)** सही व्याख्या करता है।
(3) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(A)** की **(R)** सही व्याख्या नहीं करता है।
(4) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत है।

26. Jagriti has learned that her dog, Rusty, is a Golden Retriever. When she sees another dog that looks similar to Rusty but is a different breed, she calls it a dog too. According to Jean Piaget's theory of cognitive development, which concept does this demonstrate ?
(1) Assimilation (2) Egocentrism
(3) Object permanence (4) Conservation

जागृति को पता चल गया है कि उसका कुत्ता रस्टी एक गोल्डन रिट्रीवर है। जब वह एक और कुत्ते को देखती है जो रस्टी जैसा दिखता है लेकिन एक अलग नस्ल का है, तो वह उसे भी कुत्ता ही समझती है। जीन पियाजे के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धांत के अनुसार यह किस अवधारणा को प्रदर्शित करता है?
(1) समायोजन (2) अहंकेन्द्रिता
(3) वस्तु स्थायित्व (4) संरक्षण

27. Feral children, those who experienced severe (human) social deprivation since very young age usually have delayed or hindered development and despite rehabilitation the improvement in certain domains of development is likely to be subordinate. This period wherein development is significantly influenced by environmental support is called _________.

(1) sensitive period (2) deductive period

(3) intuitive period (4) native period

ऐसे बच्चे जिन्होंने बहुत कम उम्र से गंभीर (मानव) सामाजिक अभाव का अनुभव किया है, आमतौर पर उनके विकास में देरी या बाधा उत्पन्न होती है और पुनर्वास के बावजूद विकास के कुछ क्षेत्रों में सुधार अधीनस्थ होने की संभावना है। यह अवधि जिसमें विकास पर्यावरणीय समर्थन से महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित होता है, _________ कहलाती है।

(1) संवेदनशील अवधि (2) निगमनात्मक अवधि

(3) सहज काल (4) मूल काल

28. Repetitive and ritualistic behaviour is an identifying characteristic of :

(1) Cerebral palsy

(2) Autism Spectrum Disorder

(3) Learning Disabilities

(4) Attention Deficit Hyperactivity Disorder

दोहराव व बारम्बार किए जाने वाला व्यवहार किसकी विशिष्ट पहचान है?

(1) मस्तिष्क पक्षाघात की

(2) स्वलीन क्रम विकार की

(3) अधिगमात्मक विकलांगता की

(4) ध्यान न्यूनता अतिक्रियाशीलता विकार की

29. Which of the following would support continuous and comprehensive evaluation ?

(1) Standardized intelligence test (2) Best works portfolio

(3) Growth and learning progress portfolio (4) Standardized achievement test

निम्नलिखित में से कौन-सा निरंतर और व्यापक मूल्यांकन का समर्थन करेगा?

(1) मानकीकृत बुद्धि परीक्षण (2) सर्वश्रेष्ठ कार्य पोर्टफोलियो

(3) वृद्धि और अधिगम प्रगति पोर्टफोलियो (4) मानकीकृत उपलब्धि परीक्षण

30. Which of the following is correct about the process of learning, according to socio-constructivist theories ?

(1) Learning is a social process of meaning making.

(2) Learning is an individualistic process that occurs in isolation.

(3) Learning occurs only in a classroom or formal educational setting.

(4) Learning is a passive process that occurs solely through observation.

सामाजिक रचनाविदियों के अनुसार अधिगम की प्रक्रिया के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(1) अधिगम अर्थ निर्माण की एक सामाजिक प्रक्रिया है।

(2) अधिगम एक व्यक्तिवादी प्रक्रिया है जो अलगाव में होता है।

(3) अधिगम केवल कक्षा या औपचारिक शैक्षिक विन्यास में होता है।

(4) अधिगम एक निष्क्रिय प्रक्रिया है जो केवल अवलोकन के माध्यम से होता है।

## PART - II / भाग - II
## MATHEMATICS / गणित

***Direction :*** *Answer the following questions by selecting the* ***correct/most appropriate*** *options.*
***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए* ***सही/सबसे उपयुक्त*** *विकल्प चुनिए।*

**31.** 12 thousand + 13 hundred + 2 tens is equal to :

(1) 121320 (2) 12132 (3) 130132 (4) 13320

12 हजार + 13 सौ + 2 दस बराबर है :

(1) 121320 (2) 12132 (3) 130132 (4) 13320

**32.** One crore is :

(1) hundred million (2) ten million (3) one million (4) one billion

एक करोड़ है :

(1) सौ मिलियन (2) दस मिलियन (3) एक मिलियन (4) एक बिलियन

**33.** Which of the following resources is **best** suited to explain the concept of decimals ?

(a) Number Chart (b) Dienes Blocks
(c) Taylor's Abacus (d) Graph Paper

Choose the **correct** option :

(1) (a) and (b) (2) Only (b) (3) (b) and (d) (4) (a) and (c)

निम्नलिखित में से कौन-सा संसाधन दशमलव की अवधारणा को समझाने के लिए **सबसे** उचित है ?

(a) संख्या चार्ट (b) डाइनिस ब्लाक्स
(c) टेलर का गिनतारा (d) ग्राफ पेपर

**सही** विकल्प चुनें :

(1) (a) और (b) (2) केवल (b) (3) (b) और (d) (4) (a) और (c)

**34.** Which of the following letters has no line of symmetry ?

(1) X (2) L (3) A (4) M

निम्नलिखित में से किस अक्षर की कोई सममित रेखा नहीं है ?

(1) X (2) L (3) A (4) M

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

**35.** In a certain week, the number of patients in a dental clinic was as follows :

| Day | Number of patients |
|---|---|
| Monday | 25 |
| Tuesday | 38 |
| Wednesday | 45 |
| Thursday | 18 |
| Friday | 36 |
| Saturday | 39 |

Based on above table, choose the **wrong** statement :

(1) Total number of patients was 200

(2) Range of the data is 27

(3) On most of the days, number of patients was more than 30

(4) Difference between the number of patients on Monday and Wednesday is 20

किसी सप्ताह में एक दंत चिकित्सालय में मरीज़ों की संख्या इस प्रकार थी :

| दिन | मरीज़ों की संख्या |
|---|---|
| सोमवार | 25 |
| मंगलवार | 38 |
| बुधवार | 45 |
| बृहस्पतिवार | 18 |
| शुक्रवार | 36 |
| शनिवार | 39 |

इस तालिका के आधार पर, **गलत** कथन को चुनिए :

(1) मरीज़ों की कुल संख्या 200 थी।

(2) आँकड़ों का परिसर 27 है।

(3) अधिकतर दिनों में मरीज़ों की संख्या 30 से अधिक थी।

(4) सोमवार और बुधवार को मरीज़ों की संख्या का अंतर 20 है।

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

**36.** If $x : y = p : q$, then which of the following is true ?

(a) $x+y : y = p+q : q$ (b) $x-y : y = p-q : q$

(c) $x : p = y : q$ (d) $x+y : x-y = p-q : p+q$

(1) (a), (b) and (c) (2) (a) and (b) (3) only (c) (4) (a) and (d)

यदि $x : y = p : q$, तो निम्नलिखित में से कौन-सा सत्य है ?

(a) $x+y : y = p+q : q$ (b) $x-y : y = p-q : q$

(c) $x : p = y : q$ (d) $x+y : x-y = p-q : p+q$

(1) (a), (b) और (c) (2) (a) और (b) (3) केवल (c) (4) (a) और (d)

**37.** Which of the following Indian mathematicians are known as founders of 'numerical analysis' ?

(i) Ramanujan (ii) Bhaskaracharya

(iii) Varahmihir (iv) Aryabhatta

Choose the **correct** option.

(1) (i) and (iv) (2) (i) and (iii) (3) (ii) and (iv) (4) (ii) and (iii)

निम्नलिखित में से किन भारतीय गणितज्ञों को 'संख्यात्मक विश्लेषण' के संस्थापक के रूप में जाना जाता है ?

(i) रामानुजन (ii) भास्कराचार्य

(iii) वराहमिहिर (iv) आर्यभट्ट

**सही** विकल्प चुनें।

(1) (i) और (iv) (2) (i) और (iii) (3) (ii) और (iv) (4) (ii) और (iii)

**38.** Which of the following statement(s) is/are true about numbers ?

(a) All positive integers are whole numbers.

(b) All whole numbers are integers.

(c) All rational numbers are real numbers.

(d) All irrational numbers are real numbers.

Choose the **correct** option :

(1) (a) and (d) (2) Only (b) (3) Only (c) (4) (b), (c) and (d)

संख्याओं के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सत्य है/हैं ?

(a) सभी धनात्मक पूर्णांक, पूर्ण संख्याएँ हैं।

(b) सभी पूर्ण संख्याएँ पूर्णांक होती हैं।

(c) सभी परिमेय संख्याएँ वास्तविक संख्याएँ होती हैं।

(d) सभी अपरिमेय संख्याएँ वास्तविक संख्याएँ होती हैं।

**सही** विकल्प चुनें :

(1) (a) और (d) (2) केवल (b) (3) केवल (c) (4) (b), (c) और (d)

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

39. The main approach suggested by National Curriculum Framework (NCF) 2005 in teaching learning of mathematics is :

(1) Constructivism (2) Instructivism (3) Pragmatism (4) Behaviourism

मुख्य उपागम जिसकी सलाह राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2005 में गणित के शिक्षण अधिगम को लेकर की गई है वह है :

(1) रचनात्मकतावाद (2) शिक्षावाद (3) उपयोगितावाद (4) व्यवहारवाद

40. Students in a class are solving questions based on percentage discounts. One question requires the students to calculate the cost of two bikes, with a 8% discount on each bike. One of the groups calculates the total cost of the bikes and then deducts 16% from the total cost. The method used by this group is :

(1) False, since they have deducted 16% from the total instead of 16% from the average of the total.

(2) Correct and is the only way to calculate the discount and cost.

(3) An alternate strategy to solve the question.

(4) False, since they have deducted 16% discount from the total instead of 8%.

एक कक्षा में विद्यार्थी प्रतिशतता छूट पर आधारित प्रश्नों को हल कर रहे हैं। एक प्रश्न में विद्यार्थियों को प्रत्येक मोटरसाईकिल पर 8% छूट के साथ दो मोटरसाईकिलों के मूल्य का परिकलन करने की आवश्यकता है। एक समूह दोनों मोटरसाईकिलों के कुल मूल्य का परिकलन करता है और फिर कुल मूल्य में से 16% काट लेता है। इस समूह द्वारा प्रयोग की गई विधि :

(1) गलत है क्योंकि उन्होंने कुल मूल्य से 16% काट दिया बजाय 16% कुल मूल्य के औसत से।

(2) सही है तथा यह छूट एवं मूल्य का परिकलन करने का एकमात्र तरीका है।

(3) प्रश्न को हल करने की वैकल्पिक कार्यनीति है।

(4) गलत है क्योंकि उन्होंने कुल मूल्य से 8% की जगह 16% छूट काट दी।

41. While teaching equations a teacher explains the concept of a linear equation having unique solution. She further asks, "If a solution is given then how many equations you can create" ?

Choose the **correct** option :

(1) Two equations (2) One equation (3) No equation (4) Many equations

समीकरण पढ़ाते समय शिक्षिका अद्वितीय हल वाले रैखिक समीकरण की अवधारणा को समझाती है। वह आगे पूछती है, ''अगर हल दिया गया हो तो आप कितने समीकरण बना सकते है''?

**सही** विकल्प चुनें :

(1) दो समीकरण (2) एक समीकरण (3) कोई समीकरण नहीं (4) कई समीकरण

---

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

**42.** Two columns are given as shown below :

| | **Column - I** | | **Column - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | face of a black-board | (i) | two end points |
| (b) | a line has | (ii) | one end point |
| (c) | a ray has | (iii) | represents a part of a plane |
| (d) | a line segment has | (iv) | no definite length |

**Column - I** and **II** are matched as :

(1) (a)-(i), (b)-(iii), (c)-(iv), (d)-(ii)
(2) (a)-(ii), (b)-(iii), (c)-(i), (d)-(iv)
(3) (a)-(iii), (b)-(ii), (c)-(i), (d)-(iv)
(4) (a)-(iii), (b)-(iv), (c)-(ii), (d)-(i)

दो स्तंभ दिए गए हैं :

| | **स्तंभ - I** | | **स्तंभ - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | श्यामपट्ट का एक फलक | (i) | दो अंत बिंदु होते हैं। |
| (b) | एक रेखा | (ii) | एक अंत बिंदु है। |
| (c) | एक किरण के | (iii) | एक तल का एक भाग निरूपित करता है। |
| (d) | एक रेखाखंड के | (iv) | की निश्चित लंबाई नहीं होती है। |

**स्तंभ - I** और **II** का मिलान है :

(1) (a)-(i), (b)-(iii), (c)-(iv), (d)-(ii)
(2) (a)-(ii), (b)-(iii), (c)-(i), (d)-(iv)
(3) (a)-(iii), (b)-(ii), (c)-(i), (d)-(iv)
(4) (a)-(iii), (b)-(iv), (c)-(ii), (d)-(i)

**43.** If $(7 * 2) \times (123) = 92496$, then value of * is :

(1) 5 (2) 2 (3) 1 (4) 4

यदि $(7 * 2) \times (123) = 92496$ है, तो * का मान है :

(1) 5 (2) 2 (3) 1 (4) 4

**44.** Saumya joined her job on 13-01-1992 and she took retirement on 31-03-2023. Duration of her service was :

(1) 31 years 2 months and 18 days (2) 30 years 10 months and 19 days
(3) 30 years 9 months and 18 days (4) 31 years 2 months and 19 days

सौम्या ने 13-01-1992 को नौकरी करना आरंभ किया और 31-03-2023 को उसने सेवानिवृत्ति ले ली। उसकी नौकरी की अवधि थी :

(1) 31 वर्ष 2 मास और 18 दिन (2) 30 वर्ष 10 मास और 19 दिन
(3) 30 वर्ष 9 मास और 18 दिन (4) 31 वर्ष 2 मास और 19 दिन

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

45. In order to identify individual differences of students in the mathematics class, which of the following assessment technique will not be appropriate ?

(1) Peer assessment (2) Summative assessment
(3) Formative assessment (4) Diagnostic assessment

गणित की कक्षा में विद्यार्थियों में व्यैक्तिक भिन्नता की पहचान के लिए निम्नलिखित में से कौन सी आकलन तकनीक उपयुक्त नहीं होगी ?

(1) समकक्षी आकलन (2) योगात्मक आकलन
(3) रचनात्मक आकलन (4) नैदानिक आकलन

46. Which among the following is/are true about the computation in basic operations for Grade-II learners ?

(a) It involves child's ability to develop informal strategies.
(b) It involves child's ability to estimate.
(c) It involves child's ability to do calculations with large numbers.

Choose the **correct** option :

(1) (a) and (b) (2) Only (c) (3) (b) and (c) (4) (a) and (c)

कक्षा-II के अधिगमकर्ताओं के लिए आधारभूत संक्रियाओं में अभिकलन के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) इसमें बच्चे की अनौपचारिक कार्यनीतियों को विकसित करने की क्षमता समाकलित है।
(b) इसमें बच्चे की अनुमान लगाने की क्षमता समाकलित है।
(c) इसमें बड़ी संख्याओं के साथ परिकलन करने की बच्चे की क्षमता समाकलित है।

**सही** विकल्प चुनें :

(1) (a) और (b) (2) केवल (c) (3) (b) और (c) (4) (a) और (c)

47. In a mathematics class a teacher explains the concept of different angles. He/she realizes that scissors is a best example to explain __________.

(a) Vertically opposite angles (b) Linear pair of angles
(c) Corresponding angles (d) Alternate angles

Choose the **correct** option :

(1) (b) and (c) (2) (a) and (b) (3) (a) and (c) (4) (c) and (d)

गणित कक्षा में शिक्षक भिन्न-भिन्न कोणों की अवधारणा को समझाता/ती है उसे यह अनुभूति होती है कि कैंची __________ को समझाने के लिए सर्वोत्तम उदाहरण है।

(a) शीर्षाभिमुख कोण (b) कोणों का रैखिक युगल
(c) संगत कोण (d) एकांतर कोण

**सही** विकल्प चुनें :

(1) (b) और (c) (2) (a) और (b) (3) (a) और (c) (4) (c) और (d)

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

**48.** $1233210 \div 5555 - 222$ is equal to :

(1) 3 (2) 1 (3) 0 (4) 2

$1233210 \div 5555 - 222$ बराबर है :

(1) 3 (2) 1 (3) 0 (4) 2

**49.** Arrangement of fractions $\frac{1}{9}, \frac{1}{21}, \frac{3}{7}, \frac{12}{63}$ in decreasing order is :

(1) $\frac{1}{9}, \frac{12}{63}, \frac{3}{7}, \frac{1}{9}$ (2) $\frac{3}{7}, \frac{1}{9}, \frac{12}{63}, \frac{1}{21}$ (3) $\frac{3}{7}, \frac{12}{63}, \frac{1}{9}, \frac{1}{21}$ (4) $\frac{12}{63}, \frac{3}{7}, \frac{1}{21}, \frac{1}{9}$

$\frac{1}{9}, \frac{1}{21}, \frac{3}{7}, \frac{12}{63}$ को अवरोही क्रम में भिन्न प्रकार से लिखा जाता है :

(1) $\frac{1}{9}, \frac{12}{63}, \frac{3}{7}, \frac{1}{9}$ (2) $\frac{3}{7}, \frac{1}{9}, \frac{12}{63}, \frac{1}{21}$ (3) $\frac{3}{7}, \frac{12}{63}, \frac{1}{9}, \frac{1}{21}$ (4) $\frac{12}{63}, \frac{3}{7}, \frac{1}{21}, \frac{1}{9}$

**50.** One egg has a mass of about 65 g, what is the mass of 2 dozen eggs ?

(1) 1 kg 544 g (2) 1.56 kg (3) 1 kg 56 g (4) 1.304 kg

एक अंडे का द्रव्यमान लगभग 65 g है। 2 दर्जन अंडों का द्रव्यमान कितना है ?

(1) 1 kg 544 g (2) 1.56 kg (3) 1 kg 56 g (4) 1.304 kg

**51.** Which of the following represents the features of a mathematics laboratory ?

(a) It is a place to enjoy mathematics through informal exploration.
(b) It provides opportunities to prove mathematical theorems through experiments.
(c) It provides opportunity to make conjectures, test them and to generalise observed patterns.
(d) It is used to assess students' knowledge of mathematics and grade them accordingly.

Choose the **correct** option.

अध्यात्म भी मन का राजा होने का मार्ग खोलता है। अपने मन का राजा होना मतलब मन पर स्वयं का अंकुश रखना। उसकी चाल का निर्धारण करना, अपना लक्ष्य बनाना, लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रयत्न करना। अध्यात्म आपको अपने मन का राजा बनने की ओर ले जाता है। यह स्थिति आपको विकारों से दूर रखती है, वैचारिक सुंदरता का वरदान देती है और बुराई के समक्ष कमजोर होने से बचाती है। प्रकृति से उपहार में जो जीवन मिला है, उसके मूल्य को समझना चाहिए और उस क्षेत्र का राजा बनने के मार्ग पर चलना चाहिए, जिस पर मानवता का विस्तार हो।

राजा बनिए लेकिन शुद्ध विचारों, अच्छे कर्मों और मानवीय संवेदना का राजा बनिए। अन्याय, अधर्म आदि के भय से भयभीत न हों और एक ऐसी सत्ता बनाएँ, जिसमें समानता हो। जो स्वयं में राजा होकर समानता का मार्ग प्रशस्त करता है, वह अध्यात्म के क्षेत्र का भी राजा बन जाता है।

**91.** राजा का अनिवार्य गुण **नहीं** है –
(1) निर्भयता (2) मानवीय संवेदना (3) अच्छे कर्म (4) धर्मभीरू होना

**92.** अपने मन का राजा होने से तात्पर्य है –
(1) अपने जीवन पर अंकुश लगाना (2) दूसरों पर अंकुश लगाना
(3) अपने लक्ष्य के लिए सत्ता हड़पना (4) मन को नियंत्रित करना

**93.** राजा के किन गुणों की चर्चा गद्यांश में की गई है?
(1) समता, समानता (2) शुद्ध विचार, अंकुश लगाना
(3) अच्छे कार्य, दान करना (4) शुद्ध विचार, अच्छे कर्म

**94.** 'अध्यात्म' शब्द में __________ प्रत्यय का प्रयोग किया जा सकता है।
(1) ई (2) ईय (3) इक (4) ता

**95.** राजा बनने के लिए __________ की राह पर अग्रसर होना होगा।
(1) कल्याण (2) प्रगति (3) अध्यात्म (4) सत्य

**96.** आध्यात्मिक होने का अर्थ है –
(1) विचारों की सुंदरता (2) वैचारिक प्रबुद्धता
(3) दूसरों पर दया करना (4) शारीरिक सुंदरता

**97.** गद्यांश के अनुसार मनुष्य जीवन में __________ का बहुत महत्व है।
(1) राजा (2) विस्तार (3) लक्ष्य (4) अंकुश

98. एक राजा को __________ और __________ से नहीं डरना चाहिए।
(1) अन्याय, अधर्म (2) असमानता, समता
(3) वैचारिक सुंदरता, लक्ष्य-निर्माण (4) अध्यात्म, अन्याय

99. विशेषण-विशेष्य का उदाहरण **नहीं** है :
(1) लक्ष्य-निर्माण (2) वैचारिक सुंदरता (3) अच्छे कर्म (4) मानवीय संवेदना

**नीचे दी गई कविता को पढ़कर प्रश्नों ( प्र.सं. 100 – 105 ) के सबसे उचित विकल्प का चयन कीजिए।**

गांधी, तिलक, सुभाष, जवाहर का प्यारा यह देश है,
जियो और जीने दो का सबको देता संदेश है।
प्रहरी बनकर खड़ा हिमालय जिसके उत्तर द्वार पर,
हिंद महासागर दक्षिण में इसके लिए विशेष है।
लगी गूँजने दसों दिशाएँ वीरों के यशगान से,
हमें मिली आज़ादी वीर शहीदों के बलिदान से।

100. 'हिमालय' का संधि-विच्छेद है –
(1) हिमा + अलय (2) हिमा + लय (3) हिम + आलय (4) हिम + अलय

101. कविता में किन महापुरुष का उल्लेख किया गया है?
(1) सुखदेव (2) चंद्रशेखर आज़ाद (3) महात्मा गांधी (4) राजगुरु

102. 'वीर' का बहुवचन रूप है –
(1) वीरांगना (2) वीरों (3) वीर (4) वीराँ

103. भारत देश की क्या विशेषता है?
(1) उत्तर में सुंदर वादियाँ हैं। (2) उत्तर में प्रहरी खड़े हैं।
(3) दक्षिण में अरब सागर है। (4) दक्षिण में हिंद महासागर है।

104. कविता में किन वीरों के यशगान की बात की गई है?
(1) जिन्होंने दसों दिशाओं का भ्रमण किया
(2) जिन्होंने शांति-यात्रा का शुभारंभ किया
(3) जिन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए जीवन दिया
(4) जिन्होंने दूसरों के सुख की प्रार्थना की

105. कविता में किस संदेश की बात की गई है?
(1) जियो और जीने दो (2) सुख से जीवन जियो (3) दूसरों को जीने दो (4) दुखों से घबराना नहीं

106. आप हिंदी भाषी अध्यापक हैं और आपकी नियुक्ति पंजाब के किसी प्राथमिक विद्यालय में होती है। अब चूँकि आप स्थानीय भाषा नहीं जानते हैं तो आपको क्या करना चाहिए?
(1) समुदाय को हिन्दी सीखने के लिए प्रेरित करना चाहिए।
(2) किसी हिंदी भाषी क्षेत्र में स्थानांतरण के लिए आवेदन कर देना चाहिए।
(3) बच्चों की भाषा को एक संसाधन के रूप में इस्तेमाल करना चाहिए और शिक्षण आरंभ करना चाहिए।
(4) अंग्रेजी में सम्प्रेषण करना चाहिए।

**107.** किसी टॉपिक पर मानस मंथन करने के बाद भी एक बालिका अपने आप से अनुच्छेद नहीं लिख पा रही है। हालाँकि वह वयस्क या सहपाठी के मार्गदर्शन में लिख लेती है। इस प्रकार के मार्गदर्शन को क्या कहेंगे?

(1) टीम शिक्षण (2) मदद (स्काफोल्डिंग)

(3) सहपाठी शिक्षण (4) सहपाठी परामर्श

**108.** भाषा अर्जन केवल तभी घटित होता है जब __________ ।

(1) बच्चों को भाषा का परिवेश (एक्सपोज़र) दिया जाए

(2) बच्चों को व्याकरण के नियम सिखाए जाएँ

(3) बच्चों को अनुवाद करने का अभ्यास करवाया जाए

(4) बच्चों को पठन के अवसर दिए जाएँ

**109.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन पाठ्यपुस्तक के बारे में सही है?

(1) पाठ्यपुस्तक का स्थान कोई दूसरा नहीं ले सकता।

(2) पाठ्यपुस्तक अध्यापक और विद्यार्थी के लिए एकमात्र महत्वपूर्ण सामग्री है।

(3) यह पाठ्यचर्या में उल्लिखित उद्देश्यों को प्राप्त करने में मदद करती है।

(4) ये सत्र के लिए शैक्षिक गतिविधियों की योजना है।

**110.** आप कक्षा पाँच के अध्यापक हैं। आपने विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री अच्छी तरह से पढ़ने के लिए कहा है। उसके बाद आप संदर्भ और प्रसंग को ध्यान में रखते हुए प्रश्नों के उत्तर देने के लिए कहते हैं। इस प्रक्रिया के द्वारा आप विद्यार्थियों को किस तरह के पठन के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं?

(1) गहन पठन (2) विस्तृत पठन

(3) बारीकी से पठन (4) सरसरी तौर पर पठन

**111.** किसी पाठ्य सामग्री से विशिष्ट सूचना निकालने के उद्देश्य से गहनपूर्वक या गहराई से उस पाठ्य सामग्री को पढ़ने का कौशल __________ बोध है।

(1) मूल्याँकन परक (2) वैश्विक (3) स्थानीय (4) निष्कर्षात्मक

**112.** व्याकरण पढ़ाने का निगमनात्मक उपागम अनुशंसा करता है कि हमें सबसे पहले __________ ।

(1) ड्रिल के माध्यम से अभ्यास करवाना चाहिए

(2) उदाहरण प्रस्तुत करने चाहिए

(3) नियम प्रस्तुत करने चाहिए

(4) वास्तविक सम्प्रेषण प्रस्तुत करना चाहिए

**113.** __________ तथ्यों से कहीं आगे जाकर अनुमान लगाने का तरीका है।

(1) पाठ्यसामग्री का विस्तार (एक्सट्रापोलेशन) (2) व्याख्या करना

(3) विश्लेषण करना (4) निष्कर्ष निकालना

**114.** कक्षा में मातृभाषा को स्थान न देना किस विधि की विशेषता है?

(1) प्रत्यक्ष (डायरेक्ट) (2) प्राकृतिक (3) द्वि भाषिक (4) श्रव्य भाषिक

**115.** एक अध्यापक होने के नाते आप एक बच्चे की उसके 'कुल भाषा प्रयोग' के लिए प्रशंसा करते हैं। यद्यपि उसने कुछ शब्दों की वर्तनी गलत लिखी है। आप कक्षा में किस उपागम का प्रयोग कर रहे हैं?

(1) संरचनात्मक (2) समग्र भाषा (3) सम्प्रेषणात्मक (4) रचनावादी

**116.** एक भाषा अध्यापक को चाहिए कि वह शिक्षार्थियों को स्वच्छन्द लेखन के लिए प्रोत्साहित करें क्योंकि स्वच्छन्द लेखन का शिक्षार्थियों के लिए लाभ है :

(1) शिक्षार्थी अपनी प्रथम भाषा के लिखित स्वरूप के गुणधर्म समावेशित कर सकते है।

(2) यह शिक्षार्थियों को प्रवाह के साथ और रचनात्मक तरीके से लिखने के लिए प्रोत्साहित करता है।

(3) शिक्षार्थी लिखने या ना लिखने के लिए स्वतंत्र हैं।

(4) शिक्षार्थी ये महसूस नहीं करते हैं कि उन्हें कुछ अधिक या एकदम सटीक लिखना है।

**117.** यह अधिगम का एक प्रकार है जिसमें बच्चे को उच्च स्तरीय मानसिक प्रक्रियाओं जैसे बुद्धि या तर्क करना आदि का प्रयोग करना होता है :

(1) संरचना अधिगम (2) मौखिक अधिगम

(3) अवधारणा अधिगम (4) गत्यात्मक कौशल अधिगम

**118.** निम्नलिखित में से कौन-सा कक्षायी अभ्यास विद्यार्थियों में मौखिक भाषा के विकास में मदद करेगा?

(1) नए या अपरिचित शब्दों के सही उच्चारण का अभ्यास करना।

(2) अध्यापक के साथ पाठ्यसामग्री का समवेत पठन।

(3) कविता को कंठस्थ कर लेने के बाद कविता का समवेत गायन।

(4) रोल प्ले में भाग लेना।

**119.** जब हम यह कहते हैं कि 'भाषा यादृच्छिक है' तो इसका तात्पर्य है –

(1) भाषा पहले से निर्धारित सिद्धान्तों का पालन करती है।

(2) भाषा के शब्दों और उनके अर्थों के बीच अन्तर्निहित संबंध है।

(3) शब्दों और उनके अर्थों के बीच संबंध किसी ठोस कारण पर आधारित है न कि बस यूँ ही।

(4) भाषा के शब्दों और उनके अर्थों के बीच किसी प्रकार का अन्तर्निहित संबंध नहीं है।

**120.** भाषा अधिगम में निदानात्मक परीक्षण का उद्देश्य क्या है?

(1) विद्यार्थियों के प्रगति रिपोर्ट कार्ड में प्राप्तफल लिखना।

(2) योगात्मक आकलन के लिए योजना एवं प्रश्न बनाना।

(3) अभिभावक-शिक्षक बैठक में अभिभावकों को सूचित करना और ध्यान देने के लिए कहना।

(4) बच्चों की समझ में रह गए अंतरों को जानना और उपचारात्मक कदम उठाना।

## PART - V

## LANGUAGE – II : ENGLISH

| |
|---|
| **IMPORTANT :** Candidates should attempt questions from **Part-V (Q. No. 121-150),** if they have opted for **ENGLISH** as **LANGUAGE-II** only. |

**Read the passage given below and answer the questions that follow : (121 to 128)**

Perhaps the worst of the ordeals was to be shut in a darkened room for long, uncertain periods, in solitary confinement and complete silence. Gagarin himself described the experience.

"There was no sound, not even the slightest rustle. No movement of the air—nothing. It was uncanny, unnerving."

He would shut his eyes and imagine himself in a space-cabin in orbit, looking at the world passing beneath him; or sometimes he would recite half-remembered poetry to himself.

Then, came parachute training. Gagarin made forty parachute jumps of gradually increasing difficulty.

One of the most interesting of the training experiments was the method of providing experience of weightlessness. In the early stages the express lift of the great Moscow University building was used. From the twenty-eighth floor to the bottom allowed a drop of 500 feet. At a certain high speed the passenger would find himself suspended between the floor and ceiling of the lift without support. This was a convenient and inexpensive way of reproducing 'zero gravity'.

Special air brakes prevented the lift from crashing as it reached the bottom.

On the morning of April 12, Gagarin rose at 5.30. He was zipped into his complicated space-suit, on top of which went a pale blue fibre suit, and finally an orange one. Then an Air Force bus drove him to the launching site in company with various helpers. The gantry lift took him up 100 feet, to the nose of the rocket, and he entered the cabin (named Vostok) with a wave to those below.

**121.** One benefit of travelling in the express lift to Gagarin was that :
(1) he could come down in less time.
(2) he did not have to pay for it.
(3) it was very thrilling.
(4) he experienced zero gravity.

**122.** Study the following statements :
(a) On April 12, Gagarin woke up at 5.00
(b) He wore a blue space suit.
(c) He travelled in space in Vostok.
(1) (a) and (b) are wrong but (c) is right.
(2) (a) and (b) are right but (c) is wrong.
(3) (b) and (c) are right but (a) is wrong.
(4) (a) and (c) are right but (b) is wrong.

**123.** Gagarin was a/an :
(1) paratrooper
(2) space traveller
(3) adventure tourist
(4) physicist at Moscow University

**124.** '. . . looking at the world passing <u>beneath</u> him.'
The underlined word is a/an __________.
(1) conjunction (2) article (3) preposition (4) adverb

**125.** Study the following statements :
(a) In his private life Gagarin was a poet.
(b) In the experimental darkroom there was no air.
(1) Both (a) and (b) are right.
(2) (a) is right and (b) is wrong.
(3) (b) is right and (a) is wrong.
(4) Both (a) and (b) are wrong.

**126.** '. . . <u>and he entered the cabin</u>'

The underlined is a/an __________ clause.

(1) Coordinate (2) Noun (3) Adjective (4) Adverb

**127.** Gagarin was shut up in a dark room :

(1) to feel like in a space cabin (2) as punishment

(3) to meditate (4) as an experiment

**128.** '. . . a <u>convenient</u> and inexpensive way . . .'

Choose the word nearest in meaning to the underlined one.

(1) cracking (2) contrite (3) cordial (4) handy

**Read the passage given below and answer the questions that follow : (129 to 135)**

My home town in the mid-1970s was a laid-back place, resembling a remote rural area, except in having some amenities. Our house was almost at one end of the town. About 15 km away, there was a small village where a fair was held for a week every year during the harvest season. The village deity was worshipped by many from the places in the vicinity.

Devotees thronged the fair not only for divine blessings but also for watching street-shows and other entertainment events. Only a mud track led to the village and everyone reached there by walking or on bullock carts.

My father, an advocate by profession, was popular among the villagers. His clients from the place used to arrange bullock carts for us and a few family friends and relatives to attend the fair.

The journey would start early in the morning. We children will be in a separate cart. I used to eagerly look forward to this occasion every year as though it was a journey of a life-time and worth enjoying every minute of it. Money saved for this fair would be tucked firmly in my pockets during the journey. Whenever the cart jerked or sped away, I would hold my pockets tightly so that coins would not spill out.

The crowd at the temple in the foothill used to be highly unorganised, especially the food counter where *prasadam* was served. Hot and spicy puffed rice and tea made of jaggery were the delectable combination of food and beverage every devotee craved for.

Going to the temple used to be the last priority of us children. Fearing elders' wrath, we would hurriedly finish the formality of darshan.

**129.** Study the following statements :

(a) Children were given enough pocket money on the fair day.

(b) Small children would travel with their parents in a separate cart.

(c) Well-to-do villagers liked to oblige the writer's father.

(1) (a) and (b) are wrong but (c) is right.

(2) (a) and (b) are right but (c) is wrong.

(3) (b) and (c) are right but (a) is wrong.

(4) (a) and (c) are right but (b) is wrong.

**130.** Which one of the following statements is **not** true ?

(1) Prasad distributed there was very delicious.

(2) People visited the fair for divine blessings.

(3) Most of the people visited the fair only for its market.

(4) Prasad distribution was quite chaotic.

**131.** Which one of the following statements is true ?

(1) People visited his home town for religious reasons also.

(2) The narrator's home town was in a remote area.

(3) Life was comfortable in all respects.

(4) It was known for an annual fair.

**132.** The devotees <u>thronged</u> the fair.

Choose the option which is nearest in meaning to the underlined word.

(1) appreciated (2) attacked (3) visited (4) crowded

**133.** 'I used to <u>eagerly</u> look forward . . . .'

Choose the word opposite in meaning to the underlined one.

(1) indifferently (2) heartily (3) uneasily (4) easily

**134.** Study the following statements :

(a) The writer would be very careful while travelling in the cart.

(b) Inspite of the jerks and jolts, the journey was enjoyable.

(1) Both (a) and (b) are wrong. (2) (a) is right and (b) is wrong.

(3) (b) is right and (a) is wrong. (4) Both (a) and (b) are right.

**135.** 'Only a <u>mud</u> track led to the village'.

The underlined word is a/an __________.

(1) Adverb (2) Noun (3) Pronoun (4) Adjective

**136.** At primary level a teacher generally motivates learners for colouring and drawing as it helps in :

(1) relaxing the teacher from teaching.

(2) engaging learners to maintain silence in the class.

(3) developing fine motor skills.

(4) entertaining learners.

**137.** The statements that describe the knowledge, skills, and attitudes that students should acquire by the end of a particular class or course come under __________.

(1) foundational literacy outcomes (2) teaching outcomes

(3) learning outcomes (4) numeracy outcomes

**138.** A teacher promotes group discussion and peer interaction in her classroom. She does not bother to correct spelling or pronunciation errors. She is using __________ approach in her classroom.

(1) Constructivist (2) Traditional (3) Eclectic (4) Structural

**139.** To teach tense in your class you use two pictures of the same person - one picture taken 15 years ago and another just clicked. You initiate a talk in the class about his present and past - his appearance, his habits. Now, you are using :

(1) Rule based Grammar (2) Prescriptive Grammar

(3) Structural Grammar (4) Pedagogical Grammar

**140.** While preparing a Lesson Plan on the topic 'Pollution' what will be your first step ?

(1) Frame objectives (2) Prepare introductory questions

(3) Go through the topics many times (4) Select teaching aids

**141.** When language is learnt naturally and without any systematic practice, it is called :

(1) Learning (2) Erudition (3) Acquisition (4) Acceptance

**142.** Children learn a language most effectively when they have __________.

(1) motivation (2) a proficient language teacher

(3) a good textbook (4) inhibition

**143.** Linguistic competence enables learners to __________.

(1) use more and more English

(2) differentiate grammatically correct and incorrect sentences

(3) speak fluently even if not grammatically correct

(4) know how and when to use the language appropriately

**144.** A teacher brings real-life objects like umbrella, raincoat, screwdriver etc to her class. She asks the learners to describe the objects in two to three sentences. The materials that the teacher brings in the class is technically called __________.

(1) Realia (2) Language input

(3) Teaching instruments (4) Tools

**145.** Today Raju is very happy as he is going to school. He is the first from his family to come to school. None in his family, not even his parents, had ever been enrolled in any school. Raju is thus a __________ learner.

(1) Minority (2) First generation

(3) Second generation (4) Marginalized

**146.** One of the important features of __________ is that the learners solve problems collectively-either in a pair or in a group.

(1) structural approach

(2) communicative language teaching

(3) behaviourist approach

(4) whole language approach

**147.** A teacher asks her learners to write a paragraph on 'water'. Then the learners start discussing what they have been taught in science and social science classes. Then they begin to write a paragraph on water. This is an example of :

(1) Communicative approach (2) Language in use

(3) Language of science (4) Language across curriculum

**148.** You as a teacher find that the language used in the lesson is very difficult for your learners. You simplify the language and also make certain changes in the content to suit your learners. What you have done is called __________.

(1) Review (2) Adopting (3) Adaptation (4) Evaluation

**149.** You were born and brought up in a village where everybody spoke Hindi and you too began using this language without going to any school. Later when you went to school you studied English, Sanskrit, Hindi and Urdu. Now, you speak English very fluently. Now which is your first language ?

(1) Sanskrit (2) English (3) Hindi (4) Urdu

**150.** When you go to teach, you find that the textbook begins with rhymes and picture stories and ends with the alphabet. Which approach does this kind of arrangement suggest in language pedagogy.

(1) Aesthetic approach (2) Bottom up approach

(3) Top down approach (4) Eclectic approach

# भाग - V
# भाषा - II : हिन्दी

**महत्वपूर्ण :** परीक्षार्थी **भाग-V ( प्र.सं. 121 से 150 )** के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा-II** का विकल्प **हिन्दी** चुना हो।

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों ( प्र.सं. 121 – 128 ) के सही/सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**

एक दूसरा संकट ग्लेशियरों के तेजी से पिघलने और अचानक टूटने से खतरनाक बाढ़ और जलप्लावन का संकट है। पर्यावरण के इस संकट को लेकर देश के लोगों और सरकारों की चेतना का जो स्तर है, वह चिंता बढ़ाने वाला है। खेत खत्म हो रहे हैं, पेड़ काटे जा रहे हैं और जंगलों को लेकर सिर्फ आंकड़ों पर जोर है। उदारीकरण के बाद लोगों के रहन-सहन और जरूरतों में आया बदलाव अब मुसीबत बनने वाला है। हम में से हर की जिंदगी में गैर जरूरी सुविधाओं का भोग लगातार बढ़ा है। चालीस पार की उम्र वाले आसानी से अपने बचपन के दिनों को याद करके समझ सकते हैं कि संसाधनों का अंधाधुंध इस्तेमाल उनकी जिंदगी में किस कदर बढ़ चुका है। इसका असर मौसम, खेतों और फसलों पर पड़ रहा है। मार्च में खिलने वाले फूल अब फरवरी में नजर आते हैं। फरवरी में अचानक गरमी पड़ती है और गेहूं सूखने लगता है और जब तक फसल तैयार होती है अचानक बेमौसम की बारिश आकर उसे तबाह कर देती है। आम के बागवान शुरुआती बौरों को देखकर खुश तो होते हैं पर अचानक मार्च का आंधी-तूफान उनकी सारी खुशियों को निगल जाता है। पर्यावरण वैश्विक समस्या है पर उसका हल हमारी जरूरतों को कम करने में छिपा है।

**121.** गद्यांश के अनुसार चिंता का विषय है __________।
(1) जंगलों से संबंधित आँकड़े
(2) पर्यावरण के प्रति चेतना की कमी
(3) उदारीकरण की नीति का होना
(4) संसाधनों का उचित उपयोग

**122.** पर्यावरण समस्या है __________।
(1) एशिया की
(2) भारत की
(3) यूरोपीय देशों की
(4) संसार भर की

**123.** गद्यांश के अनुसार संसाधनों के अंधाधुंध प्रयोग का प्रभाव __________ पड़ता है।
(1) आँकड़ों और जल पर
(2) खेती एवं आँकड़ों पर
(3) मौसम और आँकड़ों पर
(4) मौसम एवं खेती पर

**124.** 'ग्लेशियर' शब्द है __________।
(1) तद्‌भव
(2) आगत
(3) तत्सम
(4) देशज

**125.** गद्यांश के अनुसार पर्यावरण संरक्षण का सबसे उपयुक्त उपाय है __________।
(1) रहन-सहन के स्तर में वृद्धि करना
(2) आवश्यकताओं में कमी करना
(3) वृक्षारोपण करना
(4) भूमि अपरदन की रोकथाम करना

**126.** 'वैश्विक' में मूल शब्द तथा प्रत्यय है __________।
(1) वैश्व + इक
(2) वैश्वि + क
(3) विश्व + इक
(4) विश्व + क

**127.** उदारीकरण के कारण :
(1) आवश्यकताओं में वृद्धि हुई है।
(2) अनावश्यक सुविधाओं के उपभोग में वृद्धि हुई है।
(3) आवश्यक सुविधाओं के उपभोग में कमी आयी है।
(4) अनावश्यक व्यय में वृद्धि हुई है।

**128.** 'बचपन' शब्द है __________।

(1) द्रव्यवाचक संज्ञा (2) भाववाचक संज्ञा (3) व्यक्तिवाचक संज्ञा (4) जातिवाचक संज्ञा

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों ( प्र.सं. 129 – 135 ) के सही/सर्वाधिक उपयुक्त का चयन कीजिए।**

जीवन में रौनक तब है, जब वह बड़े सहज और सरल तरीके से बिना किसी प्रपंच के जिया जाए। जीवन जैसा निश्छल, निष्कपट है, वैसा ही जिया जाए तो जीना वरदान बन जाता है। जीवन जैसा मिला है उसको हम वैसा ही जीते हैं, तो यह जीवन का सम्मान होता है। अधिकतर हम जैसा जीवन है, उसे छोड़ दिखावे का जीवन जीने लगते हैं। यह दिखावे का जीवन हमें बाहर तो अपने को कुछ बड़ा दिखाने में मदद करता है, लेकिन भीतर से खोखला भी करता चलता है। क्योंकि आडंबर से भरा जीवन अहंकार पर आधारित होता है और अहंकार हमारी जीवंतता को खा जाता है। अहंकार में हम केवल बाहर की तरफ देखकर जीते हैं जबकि जीवन कहीं भीतर बह रहा होता है।

**129.** गद्यांश के अनुसार 'अहंकार में हम केवल बाहर की तरफ देखकर जीते हैं।' वाक्य का आशय है कि __________।

(1) अहंकार हमें सर्वस्व प्राप्त करने की ओर ले जाता है।

(2) अहंकार हमें दूर तक देखने की शक्ति प्रदान करता है।

(3) अहंकार हमें दिखावटी जीवन व्यतीत करने की ओर ले जाता है।

(4) अहंकार हमें निश्छल जीवन व्यतीत करने की ओर ले जाता है।

**130.** जीवन का सम्मान कैसे किया जा सकता है?

(1) जीवन में मिली सब बाधाओं को समाप्त कर

(2) जीवन में सुविधाएँ जुटाकर

(3) उच्च शिक्षा ग्रहण कर

(4) जिस रूप में जीवन मिला है, उसे उसी रूप में जीकर

**131.** जीवन में खुशी आती है __________।

(1) आडंबरता से (2) सरलता से (3) भौतिक वस्तुओं से (4) कपटता से

**132.** 'प्रपंच' से तात्पर्य है __________।

(1) पाँच वायु (2) पाँच प्रकार (3) आडंबर (4) पाँच पंच

**133.** निम्न में विशेषण है __________।

(1) जीवंतता (2) जीवंत (3) सम्मान (4) वरदान

**134.** समूह से भिन्न शब्द है __________।

(1) अधर्म (2) आडंबर (3) अहंकार (4) असहज

**135.** 'आधारित' में प्रत्यय है __________।

(1) इत (2) त (3) रित (4) धारित

**136.** प्राथमिक स्तर पर एक अध्यापक अपने शिक्षार्थियों को रंग करने और चित्रकारी करने के लिए प्रोत्साहित करती है। यह किस तरह से मददगार है?

(1) अध्यापक को अध्यापन से विश्राम देने में

(2) कक्षा में चुप्पी बनाए रखने में

(3) सूक्ष्म गत्यात्मक कौशलों का विकास करने में

(4) शिक्षार्थियों का मनोरंजन करने में

**137.** वे कथन जो किसी कक्षा विशेष या पाठ्यक्रम (कोर्स) के अन्त में विद्यार्थियों द्वारा अर्जित ज्ञान, कौशल और प्रवृत्ति का वर्णन करते हैं, वे क्या कहलाते हैं?

(1) बुनियादी साक्षरता प्रतिफल (2) शिक्षण प्रतिफल

(3) अधिगम प्रतिफल (4) संख्यात्मक प्रतिफल

**138.** एक अध्यापिका अपनी कक्षा में समूह चर्चा और सहपाठियों में अन्त:क्रियाओं को महत्व देती है। वह विद्यार्थियों की सही वर्तनी या उच्चारण में गलतियों पर बहुत अधिक ध्यान नहीं देती है। वह कक्षा में किस उपागम का प्रयोग कर रही है?

(1) रचनावादी (2) पारम्परिक

(3) उदारवादी (एक्लैक्टिक) (4) संरचनात्मक

**139.** अपनी कक्षा में 'काल' का शिक्षण करते समय आप एक ही व्यक्ति के दो चित्र दिखाते हैं –
एक चित्र पन्द्रह वर्ष पहले का है और एक चित्र जो अभी-अभी खींचा गया है। आप इन चित्रों के आधार पर उस व्यक्ति के वर्तमान और भूत – वह कैसा दिखता है, उसकी आदतें – इन पर बात आरंभ करते हैं। आप किसका प्रयोग कर रहे हैं?

(1) नियम आधारित व्याकरण (2) निर्देशात्मक व्याकरण (प्रैसक्रिप्टिव)

(3) संरचनात्मक व्याकरण (4) शिक्षणशास्त्रीय व्याकरण

**140.** 'प्रदूषण' टॉपिक पर पाठयोजना तैयार करते समय आपका पहला चरण क्या होगा?

(1) उद्देश्य बनाना। (2) प्रस्तावना संबंधी प्रश्न तैयार करना।

(3) टॉपिक को बार-बार पढ़ना। (4) शिक्षण सामग्री का चयन करना।

**141.** जब भाषा स्वाभाविक रूप से सीखी जाती है, बिना किसी व्यवस्थित अभ्यास के, तब इसे क्या कहा जाता है?

(1) अधिगम (2) विद्वत्ता (3) अर्जन (4) स्वीकृति

**142.** बच्चे भाषा प्रभावशाली तरीके से तब सीखते हैं जब __________।

(1) उन्हें प्रोत्साहन मिले (2) उन्हें भाषा में निपुण अध्यापक मिले

(3) उन्हें अच्छी पाठ्यपुस्तक मिले (4) उन्हें रोका जाए

**143.** भाषिक दक्षता शिक्षार्थियों को किसके समर्थ बनाती है?

(1) अधिक से अधिक अंग्रेजी का प्रयोग करना।

(2) व्याकरणिक रूप से सही और गलत वाक्यों में अन्तर करना।

(3) भले ही व्याकरणिक रूप से सही न हो पर प्रवाह के साथ बोलने की दक्षता।

(4) यह जानने की दक्षता कि कैसे और कहाँ भाषा का उचित रूप से प्रयोग करना है।

**144.** एक अध्यापक अपनी कक्षा में वास्तविक वस्तुएँ जैसे कि छतरी, बरसाती, पेचकस आदि लाती है। वह शिक्षार्थियों से कहती है कि प्रत्येक शब्द के बारे में दो या तीन वाक्य कहें। इस प्रकार की सामग्री को तकनीकी रूप से क्या कहा जाएगा ?

(1) वास्तविक वस्तुएँ (रीयलिया) (2) भाषा निवेश
(3) शिक्षण उपकरण (4) उपकरण

**145.** आज राजू विद्यालय जा रहा है, इसलिए वह बहुत खुश है। अपने परिवार का वह पहला व्यक्ति है जो विद्यालय जा रहा है। उसके परिवार में इससे पहले कोई भी नहीं, यहाँ तक कि उसके अभिभावक कभी विद्यालय नहीं गए। राजू को किस शिक्षार्थी के रूप में जानेंगे ?

(1) अल्पसंख्यक (2) प्रथम पीढ़ी (3) द्वितीय पीढ़ी (4) हाशियाकृत

**146.** निम्नलिखित में से किसका एक महत्वपूर्ण गुणधर्म है, जिसमें शिक्षार्थी जोड़ों या समूह में एक-साथ मिलकर समस्या समाधान पर कार्य करते हैं ?

(1) संरचनात्मक उपागम (2) सम्प्रेषणात्मक भाषा शिक्षण
(3) व्यवहारवादी उपागम (4) समग्र भाषा उपागम

**147.** एक अध्यापक ने अपने शिक्षार्थियों को 'जल' पर एक अनुच्छेद लिखने के लिए कहा। शिक्षार्थियों ने विज्ञान और सामाजिक विज्ञान की कक्षाओं में जो पढ़ा था उसके आधार पर आपस में चर्चा आरम्भ की और उसके बाद अनुच्छेद लिखना शुरू किया। यह किस तरह का उदाहरण है ?

(1) सम्प्रेषणात्मक उपागम (2) प्रयोग में भाषा
(3) विज्ञान की भाषा (4) भाषा समूचे पाठ्यक्रम में

**148.** आपने महसूस किया कि पाठ में प्रयुक्त भाषा आपके शिक्षार्थियों के लिए बहुत ही कठिन है। आप भाषा को कुछ सरल करते हैं और अपने शिक्षार्थियों की आवश्यकतानुसार विषयवस्तु में भी कुछ परिवर्तन करते हैं। आप का यह कृत्य क्या कहलाएगा ?

(1) समीक्षा करना (2) अंगीकार करना (3) अनुकूलन करना (4) मूल्याँकन करना

**149.** आपका पालन-पोषण एक ऐसे गाँव में हुआ जहाँ सभी लोग हिंदी बोलते थे और आपने यह भाषा बिना विद्यालय गए ही सीख ली। बाद में जब आप विद्यालय गए तो आपने अंग्रेजी, संस्कृत, हिंदी और उर्दू सीखी। अब आप अंग्रेजी भाषा प्रवाह के साथ बोलते हैं। अब आपकी प्रथम भाषा कौन-सी है ?

(1) संस्कृत (2) अंग्रेजी (3) हिंदी (4) उर्दू

**150.** अध्यापन की दुनिया में प्रवेश करने के बाद आपने अनुभव किया कि पाठ्यपुस्तक की शुरुआत में शिशुगीत और चित्र कथाएँ होती हैं और अन्त में वर्णमाला होती है। भाषा शिक्षणशास्त्र में इस प्रकार की व्यवस्था किस उपागम के अन्तर्गत आएगी ?

(1) सौन्दर्यात्मक उपागम (2) बॉटमअप उपागम (अधो शीर्षगामी)
(3) टॉप डाउन उपागम (उर्ध्व अधोगामी) (4) इक्लैक्टिक उपागम (उदार वादी)

- o 0 o -

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

## READ THE FOLLOWING INSTRUCTIONS CAREFULLY :

1. The manner in which the different questions are to be answered has been explained in the Test Booklet which you should read carefully before actually answering the questions.
2. Out of the four alternatives for each question, only one circle for the correct answer is to be darkened completely with **Blue / Black Ball Point Pen** on **Side-2** of the OMR Answer Sheet. The answer once marked is not liable to be changed.
3. The candidates should ensure that the Answer Sheet is not folded. Do not make any stray marks on the Answer Sheet. Do not write your Roll No. anywhere else except in the specified space in the Answer Sheet.
4. Handle the Test Booklet and Answer Sheet with care, as under no circumstances (except for discrepancy in Test Booklet Code or Number and Answer Sheet Code or Number), another set will be provided.
5. The candidates will write the correct Test Booklet Code and Number as given in the Test Booklet/Answer Sheet in the Attendance Sheet.
6. A machine will read the coded information in the OMR Answer Sheet. Hence, no information should be left incomplete and it should not be different from the information given in the Admit Card.
7. Candidates are not allowed to carry any textual material, printed or written, bits of papers, pager, mobile phone, electronic device or any other material except the Admit Card inside the examination hall/room.
8. Mobile phones, wireless communication devices (even in switched off mode) and the other banned items should not be brought in the examination halls/rooms. Failing to comply with this instruction, it will be considered as using unfair means in the examination and action will be taken against the candidate including cancellation of examination.
9. Each candidate must show on demand his/her Admit Card to the Invigilator.
10. No candidate, without special permission of the Centre Superintendent or Invigilator, should leave his/her seat.
11. The candidates should not leave the Examination Hall/Room without handing over their Answer Sheet to the Invigilator on duty and sign the Attendance Sheet twice. Cases where candidate has not signed the Attendance Sheet second time will be deemed not to have handed over the Answer Sheet and dealt with as an unfair means case. **The candidates are also required to put their left hand THUMB impression in the space provided in the Attendance Sheet.**
12. Use of Electronic/Manual Calculator is prohibited.
13. The candidates are governed by all Rules and Regulations of the Examining Body with regard to their conduct in the Examination Hall/Room. All cases of unfair means will be dealt with as per Rules and Regulations of the Examining Body.
14. No part of the Test Booklet and Answer Sheet shall be detached under any circumstances.
15. **On completion of the test, the candidate must hand over the Answer Sheet to the Invigilator in the Hall / Room. *The candidates are allowed to take away this Test Booklet with them.***

## निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें :

1. जिस प्रकार से विभिन्न प्रश्नों के उत्तर दिए जाने हैं उसका वर्णन परीक्षा पुस्तिका में किया गया है, जिसे आप प्रश्नों का उत्तर देने से पहले ध्यान से पढ़ लें।
2. प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए चार विकल्पों में से सही उत्तर के लिए OMR उत्तर पत्र के **पृष्ठ-2** पर केवल एक वृत्त को ही पूरी तरह **नीले/काले बॉल पॉइन्ट पेन** से भरें। एक बार उत्तर अंकित करने के बाद उसे बदला नहीं जा सकता है।
3. परीक्षार्थी सुनिश्चित करें कि इस उत्तर पत्र को मोड़ा न जाए एवं उस पर कोई अन्य निशान न लगाएँ। परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक उत्तर-पत्र में निर्धारित स्थान के अतिरिक्त अन्यत्र न लिखें।
4. परीक्षा पुस्तिका एवं उत्तर पत्र का ध्यानपूर्वक प्रयोग करें, क्योंकि किसी भी परिस्थिति में (केवल परीक्षा पुस्तिका एवं उत्तर पत्र के कोड या संख्या में भिन्नता की स्थिति को छोड़कर) दूसरी परीक्षा पुस्तिका उपलब्ध नहीं करायी जाएगी।
5. परीक्षा पुस्तिका/उत्तर पत्र में दिए गए परीक्षा पुस्तिका कोड व संख्या को परीक्षार्थी सही तरीके से उपस्थिति-पत्र में लिखें।
6. OMR उत्तर पत्र में कोडित जानकारी को एक मशीन पढ़ेगी। इसलिए कोई भी सूचना अधूरी न छोड़ें और यह प्रवेश-पत्र में दी गई सूचना से भिन्न नहीं होनी चाहिए।
7. परीक्षार्थी द्वारा परीक्षा हॉल/कक्ष में प्रवेश-पत्र के सिवाय किसी प्रकार की पाठ्य-सामग्री, मुद्रित या हस्तलिखित, कागज़ की पर्चियाँ, पेजर, मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या किसी अन्य प्रकार की सामग्री को ले जाने या उपयोग करने की अनुमति नहीं है।
8. मोबाइल फोन, बेतार संचार युक्तियाँ (स्विच ऑफ अवस्था में भी) और अन्य प्रतिबंधित वस्तुएँ परीक्षा हॉल/कक्ष में नहीं लाई जानी चाहिए। इस सूचना का पालन न होने पर इसे परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग माना जाएगा और परीक्षार्थी विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी, परीक्षा रद्द करने सहित।
9. पूछे जाने पर प्रत्येक परीक्षार्थी, निरीक्षक को अपना प्रवेश-पत्र दिखाएँ।
10. केन्द्र अधीक्षक या निरीक्षक की विशेष अनुमति के बिना कोई परीक्षार्थी अपना स्थान न छोड़ें।
11. कार्यरत निरीक्षक को अपना उत्तर पत्र दिए बिना एवं उपस्थिति-पत्र पर दुबारा हस्ताक्षर किए बिना परीक्षार्थी परीक्षा हॉल/कक्ष नहीं छोड़ेंगे। यदि किसी परीक्षार्थी ने दूसरी बार उपस्थिति-पत्र पर हस्ताक्षर नहीं किए, तो यह माना जाएगा कि उसने उत्तर पत्र नहीं लौटाया है और यह अनुचित साधन का मामला माना जाएगा। **परीक्षार्थी अपने बाएँ हाथ के अंगूठे का निशान उपस्थिति-पत्र में दिए गए स्थान पर अवश्य लगाएँ।**
12. इलेक्ट्रॉनिक/हस्तचालित परिकलक का उपयोग वर्जित है।
13. परीक्षा हॉल/कक्ष में आचरण के लिए परीक्षार्थी परीक्षण संस्था के सभी नियमों एवं विनियमों द्वारा नियमित हैं। अनुचित साधनों के सभी मामलों का फैसला परीक्षण संस्था के नियमों एवं विनियमों के अनुसार होगा।
14. किसी भी परिस्थिति में परीक्षा पुस्तिका और उत्तर पत्र का कोई भाग अलग न करें।
15. **परीक्षा सम्पन्न होने पर, परीक्षार्थी हॉल/कक्ष छोड़ने से पूर्व उत्तर पत्र निरीक्षक को अवश्य सौंप दें। *परीक्षार्थी अपने साथ इस परीक्षा पुस्तिका को ले जा सकते हैं।***